>

Title : Need to construct an over bridge at central railway line in Bhadohi, U.P. and provide stoppage of Shivganga Express at Gyanpur Road Railway Station.

श्री गोरखनाथ पाण्डेय (भदोही): सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण विषय के बारे में बोलने का अवसर दिया। उत्तर प्रदेश में बनारस, इलाहाबाद, काशी और प्रयाग देश ही नहीं विश्व की एक धार्मिक नगरी, ऐतिहासिक नगरी है। उसके मध्य में भदोही, जो हमारा लोक सभा क्षेत्र भी है, कालीन नगरी जो हजारों, हजार करोड़ रुपये विदेशी मुद्रा अर्जित करती रही है, उसकी ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। एक रेलवे लाइन जो काशी-प्रयाग के मध्य से जा रही है, उसके दोहरीकरण करने की बात है। वहां का मुख्यालय, स्टेशन ज्ञानपुर रोड है जहां शिवगंगा एक्सप्रैस के ठहराव की मांग की गई है, क्योंकि वहां विश्व स्तर का क्षेत्र सीता समाहित स्थल भी उसी से रिलेटेड है।

मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि भदोही जनपद, जहां विदेशी बॉयर आते हैं, वहां शहर के मध्य एक ट्रैक और बड़ा लम्बा राजमार्ग है। उसके ओवरब्रिज के लिए वर्षों से मांग की जा रही है। राज्य सरकार से भी उसकी संस्तुति, स्वीकृति हो चुकी है। उसके प्रस्ताव आ चुके हैं। वह ओवरब्रिज बनाने का मानक भी पूर्ण करता है। वह पवित्र नगरी जो काशी और प्रयाग के बीच कालीन नगरी के रूप में है, उसके बीचों-बीच रेलवे ट्रैक जाता है, एक लम्बा राजमार्ग एलडी रोड है, उसके ऊपर पुल का निर्माण होना बहुत आवश्यक है। उससे कालीन उद्योग का विकास होगा। विदेशी बॉयर घंटों जाम में फंसे रहने के कारण पुन: वहां नहीं आते। वे प्रयाग, काशी, बनारस या इलाहाबाद रुकना चाहते हैं। इस ओवरब्रिज के निर्माण से उस शहर का विकास होगा, कालीन उद्योग का विकास होगा और विदेशी मुद्रा भी अर्जित होगी। इसका प्रस्ताव बहुत दिनों से लंबित है। राज्य सरकार का प्रस्ताव भी आया हुआ है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि भदोही में ओवरब्रिज का निर्माण करवाकर उसका विकास किया जाए, कालीन उद्योग का विकास किया जाए।

MR. CHAIRMAN : Today's business is over.

The House stands adjourned to meet again on 11th December 2009 at 11 a.m.

20.15 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Friday, December 11, 2009 / Agrahayana 20, 1931 (Saka)

---

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

* English translation of the speech originally delivered in Bengali.

* Not recorded

* Not recorded